21. W

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
NATIONAL INSTITUTE OF OPEN SCHOOLING
आईएसओ 9001 : 2008 प्रमाणित/ISO 9001 : 2008 Certified

(स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, मा.सं.वि.मं., भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था)

(An Autonomous Institution Under Deptt. of School Education and Literacy, M.H.R.D., Govt. of India)

फा-4-1/2018/एनआईओएस/मूल्यांकन/डी.एल.एड./357 26 जून, 2018

अधिसूचना - 15/2018

सेवारत अप्रशिक्षित शिक्षकों के लिए प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी.एल.एड.) की द्वितीय परीक्षा सितंबर, 2018 के दौरान आयोजित होगी। डी.एल.एड. परीक्षा के लिए परीक्षा शुल्क केवल ऑन-लाइन माध्यम (www.dled.nios.ac.in) द्वारा नियमानुसार लिया जाएगा :-

(1) ऐसे डी.एल.एड. शिक्षार्थी जो 31 मई (501), 01 जून (502) और 02 जून, 2018 (503) को आयोजित डी.एल.एड. की पहली परीक्षा में पंजीकरण नहीं करा सके थे, वे अब सितंबर, 2018 माह में आयोजित होने वाली 504 और 505 विषय कोड की परीक्षा के पंजीकरण शुल्क के साथ-साथ विषय कोड 501, 502 और 503 की परीक्षा के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। पांच विषयों के लिए कुल परीक्षा शुल्क रु. 1250/- (रु. 250 x 5 विषय) होगा।

(2) ऐसे डी.एल.एड. शिक्षार्थी जो 31 मई (501), 01 जून (502) और 02 जून, 2018 (503) को आयोजित परीक्षा का पहले ही पंजीकरण करा चुके हैं/परीक्षा में बैठ चुके हैं वे केवल विषय कोड 504 और 505 की परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं और परीक्षा में बैठ सकते हैं। 504 और 505 की परीक्षा में बैठने के लिए प्रत्येक परीक्षार्थी को रु. 500/- के शुल्क का भुगतान करना होगा।

(3) ऐसे डी.एल.एड. शिक्षार्थी जो प्रथम परीक्षा अर्थात् 31 मई (501), 01 जून (502) और 02 जून, 2018 (503) के लिए पहले ही पंजीकरण करा चुके हैं/परीक्षा में बैठ चुके हैं और किसी विषय की परीक्षा में असफल हुए हैं अथवा अनुपस्थित रहे हैं, उन्हें भी प्रथम परीक्षा के परिणाम की घोषणा के बाद सितंबर, 2018 माह में आयोजित होने वाली 501, 502, 503 विषय कोड की परीक्षाओं के लिए पुन: पंजीकरण के लिए अवसर दिया जाएगा। ऐसे अप्रशिक्षित शिक्षकों को प्रथम परीक्षा के परिणाम की घोषणा के बाद परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए दस (10) दिन का समय दिया जाएगा।

डी.एल.एड. की द्वितीय परीक्षा के लिए क्रम संख्या (1) और (2) के लिए निर्धारित तिथियां **01 जुलाई, 2018 से 31 जुलाई, 2018** होंगी।

सी. धारूमन 26/06/18

(सी. धारूमन)

निदेशक (मूल्यांकन)

वितरण:

1. एनआईओएस के सभी विभागाध्यक्ष
2. निदेशक (शिक्षक शिक्षा), स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, मा. सं. वि. मं., भारत सरकार
3. अध्यक्ष, एनआईओएस की सूचना हेतु सहायक निदेशक (अ.का.)
4. संयुक्त निदेशक (सी.बी.सी.), एनआईओएस
5. एनआईओएस के सभी क्षेत्रीय निदेशकों को इस निदेश के साथ कि वे इसे क्षेत्रीय कैंद्र की संबंधित वेबसाइट पर अपलोड कराएं।
6. व्यवस्था विश्लेषक/प्रोग्रामर, एनआईओएस को एनआईओएस पोर्टल पर अपलोड करने के लिए
7. उप निदेशक (मूल्यांकन/गुप्त), एनआईओएस
8. लेखा अधिकारी, एनआईओएस
9. गार्ड फाइल, कार्मिक अनुभाग

ए-24-25, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सैक्टर-62, नोएडा-201309 (उ.प्र.) • दूरभाष : 0120-4089800 • फैक्स : 0120-2403172

A-24-25, Institutional Area, Sector-62, NOIDA-201309 (U.P.) • Phone : 0120-4089800 • Fax : 0120-2403172 • Website: www.nios.ac.in